मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-114
02/03/2019

जम्मू–कश्मीर के हंदवाड़ा में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में बेगूसराय निवासी सी0आर0पी0एफ0 के अधिकारी पिंटू कुमार सिंह के शहीद होने पर मुख्यमंत्री मर्माहत, जताई गहरी शोक संवेदना

पटना 02 मार्च 2019 :– जम्मू–कश्मीर के हंदवाड़ा में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में बिहार के बेगूसराय जिला के बखरी प्रखण्ड के ध्यान चक्की गांव के रहने वाले सी0आर0पी0एफ0 के अधिकारी पिंटू कुमार सिंह के शहीद होने पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना जतायी है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि उनकी शहादत को देश हमेशा याद रखेगा। मुख्यमंत्री ने इस वीर सपूत की शहादत पर उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने कहा है कि पूरा बिहार शहीद के परिवार के साथ है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि शहीद सी0आर0पी0एफ0 अधिकारी पिंटू कुमार सिंह के निकटतम आश्रित को राज्य सरकार की ओर से सभी प्रकार की निर्धारित सहायता दी जायेगी, साथ ही शहीद सी0आर0पी0एफ0 अधिकारी पिंटू कुमार सिंह का राज्य सरकार की ओर से पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जायेगा।

******